आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक जताया, कहा – उनकी विरासत हमेशा स्मरणीय रहेगी।
2. अंडमान निकोबार कमान के स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज एक संयुक्त सेवा परेड का आयोजन किया गया।
3. अंडमान–निकोबार में टीबी उन्मूलन अभियान को मिली नई गति, 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के 'जोश' के पहले चरण की शुरुआत हुई।
4. बहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह का आज समापन समारोह आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि उनका विशिष्ट अभिनय, गहनता और प्रभावशाली व्यक्तित्व उन्हें अलग पहचान देता था। उन्होंने कहा कि नाना पाटेकर की प्रतिभा और रचनात्मकता ने हिंदी और मराठी सिनेमा में कई यादगार किरदारों को जन्म दिया और उनके निधन से ऐसी रिक्तता पैदा हुई है, जिसे भरना संभव नहीं।

पच्हत्तर वर्षीय नाना पाटेकर का आज तड़के गोवा स्थित आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पुणे के पास डोन्जे स्थित फार्महाउस में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। कई दशकों के फिल्मी

करियर में नाना पाटेकर को तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण का उद्घाटन किया। 'सीमाओं से आगे विस्तार' विषय पर आयोजित चार दिवसीय सम्मेलन में डिजिटल नवाचार और नई पीढ़ी की कनेक्टिविटी को प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5जी सेवा देश के हर जिले तक पहुंच चुकी है और इसके लिए 5 लाख 50 हजार से अधिक बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी से शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं की पहुंच आसान हुई है। प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए करीब 50 लाख करोड़ रुपये लाभार्थियों के खातों में भेजे गए, जिससे लगभग 5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज ब्रिचगंज परेड ग्राउंड में एक संयुक्त सेवा परेड का आयोजन किया गया। इस परेड का निरीक्षण अंडमान और निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ ने पूर्व कमांडर–इन–चीफ और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में की। कमाडर इन चीफ ने सभी सैन्यकर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी तथा राष्ट्र सुरक्षा के प्रति सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

समारोह में भारतीय थल सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के जवानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कमान के 25 वर्षों की समर्पित सेवा, प्रतिबद्धता और परिचालन उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया गया। समारोह में सेवारत जवान, पूर्व सैनिक और विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए विभिन्न इकाईयों और कर्मियों को यूनिट प्रशस्ति पत्र और सराहना प्रदान की गई। इस अवसर पर कमान की 25 वर्षों की यात्रा और राष्ट्र के प्रति सेवा एवं योगदान को दर्शाने वाला विशेष स्मारक प्रथम दिवस आवरण भी जारी किया गया।

<><><><><><><>

पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाथूबस्ती के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कनिष्ठ वर्ग के 50 कैडेटों ने राजधानी श्री विजय पुरम में भारतीय वायुसेना दिवस मनाया। एन सी सी के अधिकारियों और विद्यालय के ए एन ओ की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना के इतिहास पर आधारित फिल्म दिखाई गई। इस वर्ष के वायुसेना दिवस की थीम 'भारतीय वायुसेना : अचूक, अडिग और सटीक' पर आधारित कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेटों में देशभक्ति, अनुशासन और विमानन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में तपेदिक उन्मूलन अभियान को मजबूत करने के लिए आज 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत संयुक्त स्वास्थ्य दल (जोश) की

पहली चरण की शुरुआत की गई। नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुए राष्ट्रीय शुभारंभ का द्वीप समूह के विभिन्न जिलों में सीधा प्रसारण देखा गया। दक्षिण अंडमान में सांसद विष्णु पद रे की मौजूदगी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहाँ टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। दक्षिण अंडमान की 14 पंचायतों में से एक ग्राम पंचायत को महात्मा गांधी की एक चांदी की प्रतिमा और 13 को कांस्य प्रतिमाएं प्रदान की गईं। उत्तर एवं मध्य अंडमान में 22 टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मानित किया गया, जबकि निकोबार जिले में 18 पारंपरिक ग्राम परिषदों और दो टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मान मिला। अभियान में एन सी सी कैडेट, माय भारत स्वयं सेवकों, पंचायती राज संस्थाओं और स्वास्थ्य कर्मियों की भागीदारी पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने टीबी मुक्त भारत की शपथ ली और लोगों में जागरूकता, शीघ्र जांच तथा नियमित उपचार के लिए काम करने का संकल्प लिया।

<><><><><><><>

मध्य अंडमान वन प्रभाग, रंगत द्वारा आयोजित बहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह का आज समापन समारोह आयोजित किया गया। सप्ताहभर चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य अंडमान के प्रभागीय वन अधिकारी विकास यादव ने वन्य जीवों की रक्षा और अंडमान

निकोबार द्वीप समूह की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए सामूहिक प्रयास और जन भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। विद्यार्थियों और आम लोगों को वन्य जीवों के संरक्षण तथा प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रंगत और सेंट जेवियर्स स्कूल, रंगत के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

बहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर, दक्षिण अंडमान वन प्रभाग की ओर से वन्यजीवों व प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ओपन–टू–ऑल नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट 'वाइल्डलाइफ वीक कप' का आयोजन किया गया। 24 सितंबर को शुरू हुए इस टूर्नामेंट में 11 ग्राम पंचायतों की 22 टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच कल खेला गया, जिसमें युनाइटेड स्पोर्टिंग क्लब ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

<><><><><><><>

विद्युत संबंधी कार्य किए जाने के कारण दस अक्टूबर को कुछ क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। टुशनाबाद, ओग्राब्रांज, तिरूर, टेलराबाद और बिम्बलीटान क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>